(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Accident Prone Zone in Andhra Pradesh

420. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that the most accident prone zone in Andhra Pradesh in the Aluru Tadepalli-gudum segment of the National Highways;

(o) whether any monitoring has been done of this accident prone sector; and

(c) if so, the derails thereof?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T. G. VENKATARAMAN): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

गुजरात सरकार की वस्त्र उत्पादन संबंधी परियोजनाएं

421. **श्री कनकसिंह मोहन सिंह मंगरोला:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई वस्त्र उत्पादन संबंधी परियोजनाएं अब भी केन्द्रीय सरकार के पास लंबित पड़ी हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) राज्य को परियोजनाओं की स्वीकृति में विलंब के कारण कितना वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा है?

वस्त्र मंत्री (श्री आर०एल० जालप्पा): (क) गुजरात सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई वस्त्र उत्पादन संबंधी कोई परियोजनाएं केन्द्र सरकार के पास लंबित नहीं हैं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

रायगढ़ जिला डाकघर में अंतिम भुगतान हेतु लंबित पड़े मामलों की संख्या

422. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रायगढ़ जिला डाकघर में नवम्बर, 1995 तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अंतिम भुगतान के लिए कितने मामले लंबित पड़े थे;

(ख) कितने मामले छह माह से अधिक समय से लंबित पड़े हैं;

(ग) इन मामलों में तत्काल भुगतान न किये जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) विभाग द्वारा जमाकर्ताओं को समय पर पूरी राशि का भुगतान करने में क्या कठिनाइयां महसूस की जा रही हैं और उन्हें दूर करने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) महोदय, नवम्बर, 1995 तक रायगढ़ जिला डाकघर में बचत योजनाओं के अंतर्गत केवल 600 मामले अंतिम भुगतान के लिए लंबित है।

इन महीने से अधिक अवधि का कोई भी मामला अंतिम भुगतान के लिए लंबित नहीं है।

(ग) इन मामलों में भुगतान करने के लिए अपेक्षित औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पाई हैं।

(घ) विगत समय में डाकघर के कार्य में वृद्धि हुई है परन्तु जो अतिरिक्त कार्य बढ़ा है उसके अनुपात में स्टाफ उपलब्ध नहीं है। अंतिम भुगतान के लंबित मामले कर्मचारियों को मानदेय देकर निपटाए जा रहे है।

जल का उपयोग

423. **श्री राम जेठमलानी:** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में औसतन वार्षिक, 1,170 एम०एम० वर्षा के माध्यम से जल की उपलब्धि होती है;

(ख) क्या यह भी सच है कि देश में इस जल की बहुत कम मात्रा का ही उपयोग किया जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) इसमें से सिंचाई, उद्योगों और पीने के लिए कितनी मात्रा का उपयोग किया जा रहा है; और

(ङ) सरकार शेष जल के उपयोग के लिए क्या योजना आरंभ करने का विचार रखती है?

जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्रा): (क) जी हां